Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- कर्नाटक राज्य की बेंगलूरू पुलिस के एच.ए.एल. पुलिस थाने की उप निरीक्षक अनीथा के., हैड कानि. उलवप्पा और हैड कानि. यतीश 40,000/— रूपये की रिश्वत लेते गणगौर होटल, जयपुर में रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, दिनांक 14 जून, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर नगर—प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **कर्नाटक, बैंगलूरू पुलिस के एच.ए.एल थाने की उप निरीक्षक अनीथा के., हैड कानि. उलवप्पा, व हैड कानि. यतीश** को **40,000/— रूपये** रिश्वत लेते हुए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि एसीबी की चौकी जयपुर नगर—प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी व उसके परिवारजनों के खिलाफ उसकी पुत्रवधु द्वारा दहेज माँगने का एक प्रकरण बैगलूरू पुलिस के एच.ए.एल. पुलिस थाने में दर्ज करवा रखा है। जिसके प्रथम सूचना रिपोर्ट नं. 0055/2026 है, जिसकी जाँच के लिए एच.ए.एल. पुलिस थाने से महिला उप निरीक्षक अनीथा के. अपने दो साथियों उलवप्पा, हैड कानि. व यतीश, हैड कानि. के साथ जयपुर आये है और मेरे खिलाफ दर्ज प्रकरण में केस को हल्का करने और हम परिवारजनों को आरोपों से बरी करने की एवज में **2,00,000/—रूपये** रिश्वत राशि लेने के लिए दवाब बना रहे है और अपने साथी हैड कानि. उलवप्पा से होटल में मिलने के लिए फोन करवा रहे है।

जिस पर जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस—द्वितीय श्री ओमप्रकाश मीना** के सुपरविजन में एसीबी चौकी जयपुर नगर—प्रथम की टीम द्वारा उक्त शिकायत का सत्यापन करवाने पर 2,00,000/— रूपये रिश्वत की माँग करना सही पाया गया तथा परिवादी को कल सुबह तक रिश्वत की व्यवस्था करके लाने के लिए कहा गया। इस पर आज दिनांक 14.06.2026 को **श्री भूपेन्द्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** के नेतृत्व में चौकी जयपुर नगर—प्रथम की टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी उलवप्पा, हैड कानि. को 40,000/— रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, उनकी टीम के बाकी दो सदस्यों अनीथा के. उप निरीक्षक, यतीश, हैड कानि. से बाद पूछताछ उनके अपराध में संलिप्तता पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ की कार्यवाही जारी है एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।